# विधान परिषद के द्वितीय सत्र] 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा] मा0 सदस्य] विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-08 का उत्तरालेख्य

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **08** (क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद- रायबरेली] विकास- जगतपुर] ग्राम पंचायत- भखौवापुर मजरे धर्मदासपुर] चन्दौली में हाई मास्ट लाइटें न होने के कारण गॉवों में चोरी होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है\ | जी हां] |
| (ख) यदि हॉ] तो क्या उक्त स्थान पर हाई मास्ट लाइटें लगवायेंगे\ यदि हॉ] तो कब तक\ यदि नहीं] तो क्यों\ | ग्राम पंचायत धर्मदासपुर को वार्षिक रूप से पंचम वित्त एवं केन्द्रीय वित्त मद के अन्तर्गत लगभग 14.00 लाख रूपये प्राप्त होते हैं। प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत में प्रधान को मु0-60,000.00 रूपये, पंचायत सहायक को मु0-72,000.00 रूपये तथा सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर को 72,000.00 रूपये वार्षिक रूप से मानदेय का भुगतान किया जाता है। ग्राम पंचायत में लगभग 70 हैण्डपम्प स्थापित हैं, जिनमें से एक वर्ष में लगभग 20 हैण्डपम्पों की मरम्मत व रिबोर कार्य में मु0-2.00 लाख रूपयें व्यय होते हैं। ग्राम पंचायत में दो प्राथमिक विद्यालय व एक उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित है, के कायाकल्प कार्य में लगभग 3-5 से लाख रूपये व्यय वार्षिक रूप से व्यय होते है।<br>उपरोक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत में जनहित कार्य यथाः-जल निकासी हेतु ह्यूम पाईप, नाली, इण्टर लाकिंग, स्ट्रीट लाईट आदि जनहित के कार्यों में वार्षिक रूप से 4-5 लाख रूपये व्यय सम्भावित होता है। इस प्रकार ग्राम पंचायत में शेष धनराशि से हाई मास्ट लगाया जाना सम्भव नहीं है, क्योंकि हाई मास्ट लाईट लगवाने में लगभग 02 से 2.5 लाख रू० व्यय सम्भावित है। |

**ओम प्रकाश राजभर,**
मंत्री]
पंचायतीराज विभाग।